गैरसैंण,सोमवार
15 अप्रैल 2024
वर्षः 15
अंकः 329 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### बेकाबू डंपर दीवार से टकराया, बड़ा हादसा टला

ऋषिकेश। एक तेज रफ्तार डंपर बेकाबू होकर मुनिकीरेती स्थित पीडब्ल्यूडी तिराहे पर दीवार से टकरा गया। हादसे में स्कूटी सवार दो युवक और तिराहे पर तैनात पुलिसकर्मी की जान बालबाल बच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर से घायल चालक और परिचालक को बाहर निकाला। मौके पर ही उनका प्राथमिक उपचार कराकर ट्रैफिक को सुचारू किया गया। मुनिकीरेती पुलिस के मुताबिक शनिवार देर रात एक डंपर भद्रकाली से मुनिकीरेती तरफ आ रहा था। इसी बीच बाईपास मार्ग के ढाल पर डंपर अनियंत्रित होकर पीडब्ल्यूडी तिराहे पर दीवार से टकरा गया। दुर्घटना में स्कूटी पर सवार दो युवक और एक पुलिसकर्मी बालबाल बच गए। गनीमत रही कि व्यस्ततम तिराहे पर कोई वाहन डंपर की चपेट में नहीं आया। हादसा होते ही तिराहे पर अफरा–तफरी मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर चालक गुरदेव सिंह निवासी श्यामपुर, हरिद्वार और परिचालक गुरुचरण निवासी वीरभद्र, ऋषिकेश को जख्मी हालत में बाहर निकाला। 108 सेवा के स्वास्थ्य कर्मियों ने मौके पर ही उन्हें प्राथमिक उपचार दिया। थानाध्यक्ष रितेश शाह ने बताया कि डंपर के ब्रेक नहीं लगने से यह हादसा हुआ। वहीं, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल है।

### सपा ने फिर बदले उम्मीदवार

दिल्ली। सपा ने बदायूं और सुल्तानपुर में अपने प्रत्याशी बदल दिए हैं। बदायूं में तीसरी बार टिकट बदलते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव को मैदान में उतारा है। वहीं, सुल्तानपुर से भीम निषाद का पत्ता काटकर वहां रामभुआल निषाद को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने पहले बदायूं से पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को उतारा था। इसके बाद शिवपाल यादव को टिकट दिया। शिवपाल यादव शुरू से ही वहां से लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं थे, इसलिए अब उनके बेटे आदित्य यादव के नाम की घोषणा आधिकारिक तौर पर कर दी गई है। रामभुआल निषाद ने वर्ष 2022 का विधानसभा चुनाव रुद्रपुर विधानसभा सीट से लड़ा था, लेकिन हार गए थे। अब उन्हें सुल्तानपुर में भाजपा सांसद मेनका गांधी के खिलाफ उतारा गया है।

**दिन में हुई थी 7 प्रत्याशियों की घोषणा**

इसके पहले समाजवादी पार्टी ने रविवार को 7 प्रत्याशियों की अपनी 10वीं सूची जारी की। इसमें जौनपुर से पूर्व परिवार कल्याण मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा को मैदान में उतारा है। वे बसपा सरकार में हुए एनआरएचएम घोटाले में आरोपी हैं। वहीं, श्रावस्ती से बसपा सांसद राम शिरोमणि वर्मा को टिकट दिया है।

फूलपुर से अमरनाथ मौर्य को प्रत्याशी बनाया गया है। अमरनाथ को वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने प्रयागराज के शहर पश्चिम से प्रत्याशी घोषित किया था, लेकिन बाद में पार्टी ने उनका टिकट काट दिया था। अमरनाथ मौर्य 2002 का विधानसभा चुनाव माफिया अतीक अहमद के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़े थे।

### राम मंदिर ट्रस्ट ने जारी की गाइडलाइन, आज से 18 अप्रैल तक के सभी वीआईपी पास निरस्त

अयोध्या। रामलला के दरबार में 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन पर रोक रहेगी। ट्रस्ट ने गाइडलाइन जारी करते हुए बताया है कि सोमवार से चार दिनों तक वीआईपी दर्शन की कोई व्यवस्था नहीं रहेगी। जिन लोगों ने 15 से 18 अप्रैल के बीच के वीआईपी पास बनवाए हैं, उनके पास भी निरस्त माने जाएंगे। चैत्र शुक्ल सप्तमी यानी सोमवार से अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना है। इसी देखते हुए राममंदिर ट्रस्ट ने वीआईपी दर्शन पर रोक लगा दी है। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने अपील की है कि इन तिथियों पर वीआईपी प्रोटोकाल धारक अयोध्या न आएं। भीड़ में वीआईपी दर्शन कराना संभव नहीं होगा। पहले से बने विशिष्ट व सुगम पास 18 अप्रैल तक मान्य नहीं होंगे। ऐसे में पास धारकों को भी वीआईपी सुविधा नहीं दी जाएगी।

रामजन्मोत्सव को लेकर राममंदिर को भव्य रूप से सजाया जा रहा है। रामजन्मभूमि पथ पर 80 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लग रहे हैं।

# देहरादून पहुंचे यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ

**● कहा-उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का संबंध है, उसको कोई अलग नहीं कर सकता**






देहरादून। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ श्रीनगर गढ़वाल और रुड़की के बाद चुनाव प्रचार को धार देने राजधानी देहरादून पहुंचे। राजधानी देहरादून के बन्नू स्कूल में उनकी जनसभा आयोजित की गई। इससे पहले श्रीनगर गढ़वाल में हुई चुनावी जनसभा में सीएम योगी ने कहा कि आज मुझे अपनी जन्म भूमि की लोकसभा सीट पर संवाद करना का मौका मिला है। यहां का संवाद मेरे लिए आत्म साक्षात्कार होता है। यहां के कण–कण में शंकर का वास है। जनसभा में सीएम योगी ने कहा कि माफिया व उपद्रवियों को इस लायक नही छोड़ूंगा की वह उत्तराखंड में घुसे। सीएम योगी ने कहा कि एक विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने वाला संकल्प पत्र भाजपा ने जारी किया है।


**भाजपा को उत्तराखंड से पांच कमल चाहिएः सीएम योगी**

कांग्रेस पर निशान साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कार्यकाल को देखकर मन खिन्न होता था। उनका एजेंडा स्वार्थ व देश के विघटन का था। कहा कि उत्तराखंड का सौभाग्य है कि दोनों सीडीएस उत्तराखंड के पौड़ी जनपद के दिए हैं। हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं। सीएम योगी ने कहा कि आज तीन चार ही जनपदों में नक्सलवाद है। तीसरे कार्यकाल में ये भी समाप्त हो जाएगा। उन्होंने जनता से कहा कि भाजपा को उत्तराखंड से पांच कमल चाहिए।

शनिवार को हल्द्वानी के एमबी इंटर कॉलेज में आयोजित भाजपा की विजय संकल्प रैली में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचे थे। उनके साथ सीएम पुष्कर सिंह धामी में मौजूद रहे। सीएम योगी हल्द्वानी की एमबी इंटर कॉलेज के मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया।

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि माफियाओं को इस लायक ही नहीं छोड़ूंगा कि वे वहां अपराध करके उत्तराखंड आकर देवभूमि को अपवित्र कर सकें। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का संबंध है, उसको कोई अलग नहीं कर सकता। उत्तराखंड से जब नदियों का पानी आता है, वह यूपी को उत्तम प्रदेश में बनाने में सहायत होता है। यह एक–दूसरे से पूरी तरह रचे–बसे हैं।

## चारधाम यात्रा को लेकर पर्यटन विभाग की तैयारियां शुरू



हरिद्वार। पर्यटन विभाग की ओर से चारधाम यात्रा के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। विभाग की ओर से पंजीकरण काउंटर बनवाने शुरू कर दिए गए हैं। चारधाम यात्रियों का यात्रा पंजीकरण कराने के लिए छह काउंटर बनाए जाएंगे। मई के पहले सप्ताह में यात्रियों का काउंटरों पर पंजीकरण करना शुरू कर दिया जाएगा। उत्तराखंड में दस मई से चारधाम यात्रा गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खुलने के साथ ही शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही देवभूमि में चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। वैसे तो उत्तराखंड सरकार की ओर से चारधाम यात्रियों को यात्रा करने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी गई है।जिससे देवभूमि उत्तराखंड में तीर्थ यात्रा करने वाले श्रद्धालु घर बैठे पंजीकरण करा सकते हैं, लेकिन प्रदेश में प्रवेश करने वाले यात्रियों को भी जगह–जगह पंजीकरण की सुविधा दी जाती है। इसके लिए विभाग की ओर से पंजीकरण काउंटर खोले जाते हैं। इसमें धर्मनगरी में भी काउंटर स्थापित किए जाते हैं। इन काउंटरों पर आकर श्रद्धालु पंजीकरण कराते हैं। इस साल शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा के लिए भी पर्यटन विभाग कार्यालय परिसर में काउंटर खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। काउंटरों पर इंटरनेट सुविधा, लाइट, बिजली, बैठने की व्यवस्था की जा रही है। चारधाम यात्रा के लिए रेल मार्ग और सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा पंजीकरण का लाभ दिया जा सके।

पंजीकरण काउंटर पर ये भी रहेगी सुविधाः जिला पर्यटन कार्यालय पर खोले जाने वाले काउंटर पर यात्रियों को पंजीकरण कराने के साथ–साथ और भी सुविधाएं दी जाएंगी। काउंटर पर आने वाले यात्रियों को सबसे पहले बैठने के लिए कुर्सियां दी जाएंगी। उनका स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए डॉक्टरों की टीम मौजूद रहेगी। ताकि वह अपना स्वास्थ्य प्रमाण पत्र भी पंजीकरण केंद्र ही बनवा सकें। ठंडे पेयजल और हवा के लिए पंखे भी जाएंगे। पंजीकरण काउंटर खोलने के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पंजीकरण काउंटर मई के पहले सप्ताह में शुरू कर दिया जाएगा।

### कांग्रेस की नई सूची में 10 नाम, नॉर्थ–ईस्ट दिल्ली से कन्हैया कुमार, जालंधर से पूर्व सीएम चन्नी को टिकट

नई दिल्ली।आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने रविवार रात को एक और उम्मीदवारों की सूची जारी की है। इस सूची में कुल 10 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। पार्टी ने सूची में पंजाब की छह लोकसभा सीट के अलावा, दिल्ली की तीन और एक यूपी की सीट पर उम्मीदवारों का एलान किया है।

**किसी मिला कहां से टिकट**

दिल्ली के चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से कन्हैया कुमार, नॉर्थ वेस्ट दिल्ली से उदित राज, अमृतसर से गुरजीत सिंह औजला, जालांधर से पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, फतेहगढ़ साहिब से अमर सिंह, बठिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरूर से सुखपाल सिंह खेरा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और इलाहाबाद से उज्जवल रेवती रमण सिंह को टिकट दिया है।

कांग्रेस ने शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए 16 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। जिसमें चंडीगढ़ लोकसभा सीट के अलावा, गुजरात की चार, हिमाचल प्रदेश की दो और ओडिशा की नौ लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों का एलान किया गया था।

## वीकेंड पर हरिद्वार में उमड़े श्रद्धालु, लगा भीषण जाम



हरिद्वार। बैसाखी स्नान पर्व के बाद रविवार को भी हरिद्वार में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हरकी पैड़ी गंगा घाट पर सुबह से ही श्रद्धालु गंगा में डुबकी लगाते दिखे।

हरकी पैड़ी एवं उसके आसपास के गंगा घाटों पर सुबह से शाम तक स्नान करने वालों का सिलसिला जारी रहा। बिना किसी स्नान पर्व के बाजार और गंगा घाट यात्रियों से भरे रहे। हरकी पैड़ी के आसपास के मोती बाजार, बड़ा बाजार, अपर रोड बाजार आदि में यात्रियों की भीड़ रही।

हरकी पैड़ी के आसपास की पार्किंग वाहनों से खचाखच भरी रही। वाहन पार्किंग में जाने के लिए रोड़ी बेलवाला चौकी के निकट सर्विस रोड पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। जिससे जाम की स्थिति भी बनी रही।

बीते शनिवार को बैसाखी पर्व होने पर देश के अलग–अलग राज्यों से श्रद्धालु गंगा स्नान करने हरिद्वार पहुंचे थे। लेकिन रविवार के अवकाश के चलते अगले दिन भी हरिद्वार के गंगा घाट श्रद्धालुओं से और पार्किंग वाहनों से भरी रही। रविवार सुबह भी बैसाखी पर्व की तरह ही गंगा घाट श्रद्धालुओं से पूरी तरह भरे दिखे। सुबह से ही गंगा घाटों पर गंगा मैया की जयकार की गूंज गूंजती रही। साथ ही साथ हरकी पैड़ी के निकट के बाजार मोती बाजार, बड़ा बाजार, अपर रोड बाजार,विष्णु घाट और रामघाट बाजार में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने बाजार से जमकर खरीदारी भी की। होटल भी यात्रियों से पैक रहे।

## 21 को सूर्य के सबसे करीब होगा धूमकेतु पोंस—ब्रूक्स



नैनीताल। धूमकेतु पोंस–ब्रूक्स इन दिनों आसमान में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 21 अप्रैल को यह धूमकेतु सूर्य के सर्वाधिक नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल इसे बृहस्पति ग्रह (जुपिटर) के इर्द–गिर्द मंडराते देखा जा सकता है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ खगोल विज्ञानी डा. शशिभूषण पांडेय ने बताया कि ग्रहों की तरह ही धूमकेतु भी सूर्य की परिक्रमा करते हैं और अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। धूमकेतु 12पी/पोंस–ब्रूक्स भी अब जैसे–जैसे सूर्य के निकट पहुंच रहा है इसकी चमक भी बढ़ती जा रही है। 21 अप्रैल को यह सूर्य के सर्वाधिक करीब होगा। फिलहाल इसकी पूंछ भी लंबी होने लगी है, जिसकी लंबाई भी लाखों किमी में है।

**नग्न आंखों से धुंधला आएगा नजर**

धूमकेतुओं पर रिसर्च कर रहे दुनियाभर के विज्ञानियों के अलावा एस्ट्रो फोटोग्राफर इस पर नजर बनाए हुए हैं। हरे रंग का यह धूमकेतु बेहद आकर्षक लग रहा है। इसे दूरबीन के जरिए आसानी से देखा जा सकता है। यद्यपि नग्न आंखों से धुंधला नजर आ रहा है। आठ अप्रैल को पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान इसे दिन के समय भी देखने की होड़ लगी रही। जिस कारण दुनिया के कई देशों के लोग उत्तरी अमेरिका पहुंचे हुए थे। धूमकेतु पोंस–ब्रूक्स की खास बात यह है कि इसे सूर्य का चक्कर लगाने में इसे 71 वर्ष का समय लगता हैं। यानी हम इसे 71 साल बाद करीब से देख पर रहे हैं। सूर्य के नजदीक पहुंचने पर इसे देख पाना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि तब सूर्य की चकाचौंध रोशनी में यह समा जाएगा।

### सलमान खान के घर के पास फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

मुंबई, एक चौंकाने वाली घटना में, दो अज्ञात व्यक्तियों ने बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर सुबह के समय गोलीबारी की। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, हेलमेट पहने दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आए और अंधेरे और सुनसान सडक़ पर जाने से पहले गैलेक्सी अपार्टमेंट की दिशा में कम से कम चार गोलियां चलाईं। सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह जैसे पंजाब स्थित कुछ माफिया समूहों से खतरा है। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें और उनके पिता सलीम खान को अलग–अलग तरीकों से जान से मारने की धमकियां दी गई हैं। परिवार को एक पत्र भी भेजा गया था। यह पता नहीं चल पाया है कि सलमान खान उस वक्त घर पर थे या नहीं। बांद्रा पुलिस की एक टीम खान के घर पहुंची और जांच शुरू की। आसपास के इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस इलाके के सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर रही है ताकि पता चल पाए कि वो कौन लोग थे, जिन्होंने गोलीबारी की।

## युवा भारत की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है भाजपा का संकल्प पत्र: प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव–2024 के लिए भाजपा ने अपना चुनाव घोषणा पत्र (संकल्प पत्र – लोकसभा 2024 ) रविवार को जारी कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और चुनाव घोषणा पत्र समिति की संयोजक और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में नई दिल्ली स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में पार्टी का चुनाव घोषणा पत्र जारी किया गया।

संकल्प पत्र के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभों– युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। उन्होंने कहा कि उनका फोकस डिग्निटी ऑफ लाइफ, क्वालिटी ऑफ लाइफ और निवेश से नौकरी पर है। प्रधानमंत्री ने देश की जनता से कई महत्वपूर्ण वादे करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी है कि मुफ्त राशन की योजना आगामी पांच साल तक जारी रहेगी। वे यह सुनिश्चित करेंगे कि गरीब के भोजन की थाली पोषणयुक्त हो, उसके मन को संतोष देने वाली हो और सस्ती हो।

उन्होंने 10 वषी के दौरान अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि इस दौरान भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के हर बिंदु को गारंटी के रूप में जमीन पर उतारा है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। 70 साल से ऊपर का हर बुजुर्ग, चाहे वो गरीब हो, मध्यम वर्ग का हो या फिर उच्च मध्यम वर्ग से ही क्यों न हो, उन्हें 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प पत्र जारी करने के आज के दिन को बहुत ही शुभ दिन बताते हुए कहा कि देश के कई राज्यों में इस समय नववर्ष का उत्साह है। आज नवरात्रि के छठे दिन हम सभी मां कात्यायनी की पूजा करते हैं और मां कात्यायनी अपनी दोनों भुजाओं में कमल धारण किए हुए हैं। ये संयोग भी बहुत बड़ा आशीर्वाद है।

## इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का वादा किया था, कुछ नहीं हुआ-अमित शाह



भंडारा। राहुल गांधी के गरीबी हटाने के वादे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चुटकी लेते हुए कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके बाद प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी की सरकार ने भी गरीबी हटाने की घोषणा की थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

महाराष्ट्र के भंडारा जिले के सकोली कस्बे में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अमित शाह ने रविवार को कहा कि जब तक भाजपा राजनीति में है वह रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र से कभी आरक्षण नहीं हटाएगी और ना ही किसी और को ऐसा करने देगी।

राहुल गांधी पढ़ते नहीं हैं..

शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने गरीबी के खात्मे का एक कार्यक्रम चलाने की घोषणा की है। वह पढ़ते नहीं हैं, इसलिए मैं उन्हें बताना चाहूंगा कि उनकी दादी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी गरीबी हटाने का वादा किया था। उनके बेटे राजीव गांधी और फिर सोनिया गांधी ने भी सत्ता में आने पर यही वादा किया और चले भी गए। आखिर हम कैसे राहुल गांधी के वादे पर भरोसा करें? शाह ने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि अफवाहें उड़ाई जा रही हैं कि भाजपा को अगर भारी बहुमत मिला तो संविधान को खतरा हो सकता है। भाजपा ने भंडारा–गोंडिया लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद सुनील मेंधे को ही टिकट दिया है।

### 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी यात्रा

श्रीनगर, श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड ने जानकारी दी है कि 29 जून 2024 से अमरनाथजी यात्रा 2024 शुरू होगी जो 19 अगस्त 2024 को समाप्त होगी. जिसकी एडवांस बुकिंग 15 अप्रैल 2024 से शुरू हो जाएगा. लोकसभा चुनाव के ठीक बाद 29 जून से अमरनाथ यात्रा इस बार 52 दिन की यात्रा 19 अगस्त तक चलेगी, जो पिछले साल से दस दिन कम होगी. यात्रा के लिए 15 अप्रैल से देशभर में अधिकृत बैंक शाखाओं में एडवांस बुकिंग प्रक्रिया शुरू होगी. पारंपरिक बालटाल और पहलगाम ट्रैक से डेली बेसिस पर 10–10 हजार श्रद्धालुओं को पवित्र गुफा की ओर भेजने की अनुमति होती है. इस बार यात्रा के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए उचित मैनेजमेंट किए जाएंगे.

## भारत ने किया पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल प्रणाली का सफल परीक्षण



नई दिल्ली। सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित मानव–पोर्टेबल एंटी–टैंक गाइडेड मिसाइल हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक फील्ड परीक्षण किया। इससे सेना के शस्त्रागार में इसे शामिल करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस हथियार प्रणाली को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (ऊ्रऊड) ने डिजाइन और विकसित किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि समग्र प्रणाली में एमपीएटीजीएम, लांचर, लक्ष्य प्राप्ति उपकरण और एक अग्नि नियंत्रण इकाई शामिल है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना की सराहना की है और इसे उन्नत प्रौद्योगिकी–आधारित रक्षा प्रणाली विकास में आत्मनिर्भरता हासिल करने का महत्वपूर्ण कदम बताया है।

**पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में हुआ परीक्षण**

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि प्रौद्योगिकी को उच्च श्रेष्ठता के साथ साबित करने के उद्देश्य से एमपीएटीजी हथियार प्रणाली का कई बार विभिन्न उड़ान विन्यासों में मूल्यांकन किया गया है। मंत्रालय की ओर से कहा गया कि 13 अप्रैल को पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में वारहेड उड़ान परीक्षण सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। मिसाइल प्रदर्शन और वारहेड प्रदर्शन उल्लेखनीय पाए गए।

**दिन और रात दोनों में करेगा काम**

इसमें कहा गया है कि पर्याप्त संख्या में मिसाइल फायरिंग परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए हैं। एमपीएटीजीएम के टेंडेम वारहेड सिस्टम का प्रवेश परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। यह आधुनिक कवच संरक्षित मुख्य युद्धक टैंकों को हराने में सक्षम पाया गया है। हथियार प्रणाली दिन और रात दोनों में संचालन के लिए अच्छी तरह से सुसज्जित है।

## संपादकीय

# सुरक्षित यात्रा का संकल्प

चुनावी माहौल के बीच राज्य सरकार ने चार धाम यात्रा की तैयारी पर भी फोकस करना शुरू कर दिया है। पर्यटन विभाग ने यात्रियों के पंजीकरण का कार्य शुरू कर दिया है और इसके लिए मई के पहले सप्ताह से बुकिंग काउंटर कार्य करना शुरू कर देंगे। उस साल दस मई से चार धाम यात्रा शुरू हो रही है जिसके तहतगंगोत्री यमुनोत्री के कपाट खुलेंगे। इन्हीं मंदिरों के खुलने को चार धाम यात्रा की शुरुआत का आगाज माना जाएगा। राज्य सरकार की कोशिश है कि इस बार सभी यात्रियों को सुविधापूर्ण दर्शन कराए जा सके और इसी को देखते हुए पंजीकरण के कार्य को सरल बनाने के साथ–साथ सभी आवेदकों को इसमें शामिल करने का लक्ष्य भी बनाया गया है। पंजीकरण का कार्य घर बैठे ही हो सकेगा, लेकिन ऐसे यात्री जो पंजीकरण नहीं कर सकते हैं उनके लिए यात्रा मार्ग पर ही अनेक स्थानों पर पंजीकरण की व्यवस्था की जा रही है। पिछले वर्ष पंजीकरण को लेकर कुछ अव्यवस्थाएं देखने को मिली थी जिसके कारण कई यात्रियों को दर्शन करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर खास तौर से केदारनाथ में भारी अवस्थाओं से पर्यटकों को खोजना पड़ा था। पिछले सीजन की अव्यवस्थाओं के बाद इस बार राज्य सरकार पूरी तरह से सुविधाजनक कार्यक्रम तैयार कर रही है जिससे कि यात्रियों को परेशानी ना उठाना पड़े और उत्तराखंड चार धाम यात्रा के लिए आने वाले सभी श्रद्धालु दर्शन कर के ही लौटे। पिछले साल पचास लाख से भी अधिक यात्रियों ने चार धाम के दर्शन किए थे और इस बार यह संख्या निश्चित तौर पर पिछले रिकार्ड को तोड़ने वाली है। यात्री को सुविधाएं देने के लिए इस बार विभिन्न काउंटरों पर सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ–साथ चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। पिछले वर्ष चार धाम यात्रा में लगभग 119 लोगों की विभिन्न कारणों से जान चली गई थी। फिलहाल ज्यादातर फोर्स इस समय चुनाव ड्यूटी में व्यस्त है और 19 अप्रैल को उत्तराखंड में पहले ही चरण में पांचो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होना है। 19 अप्रैल के बाद चार धाम यात्रा के लिए पुलिस कर्मियों की ड्यूटी यात्राएं होंगी और 10 मई से विधिवत तरीके से चार धाम यात्रा जोर पकड़ने लगेगी। उम्मीदें लगाई जा रही है कि पिछले वर्ष कीअपेक्षा न केवल पुराने रिकॉर्ड टूटेंगे बल्कि यात्रियों को अधिक सुविधा भी मिलेंगी।

# न्यू कोचिंग पॉलिसी से शिक्षा में आएंगे सुधार!

**वास्तव में कोचिंग संस्थान अच्छे नंबरों, अच्छी रैंक दिलाने वाले, अभिभावकों और छात्रों को गुमराह करने वाले वादे नहीं कर सकते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि कोचिंग संस्थान कोचिंग की गुणवत्ता या उसमें दी जाने वाली सुविधाओं या ऐसे कोचिंग संस्थान या उनके संस्थान में पढ़े छात्र द्वारा प्राप्त परिणाम के बारे में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी दावे को लेकर कोई भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकते हैं या प्रकाशित नहीं करवा सकते हैं या प्रकाशन में भाग नहीं ले सकते हैं। वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए नए दिशा–निर्देशों के अनुसार अब कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकेंगे। हाल में जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, अब कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने के लिए नई गाइडलाइन के मुताबिक शिक्षकों का ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। वास्तव में छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल एक्जामिनेशन के बाद होना चाहिए।**

—सुनील कुमार महला

हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कोचिंग संस्थानों के लिए नए दिशा–निर्देशों की घोषणा की है, जो बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। वास्तव में शिक्षा मंत्रालय द्वारा ये कदम कोचिंग संस्थानों को विनियमित करने के लिए दिशा–निर्देश एक कानूनी ढांचे (लीगल फ्रेमवर्क) की आवश्यकता को पूरा करने के साथ–साथ ही बेतरतीब तरीके से निजी कोचिंग संस्थानों की बढ़ोतरी को रोकने के लिए उठाए गए हैं। सच तो यह है कि आज पढ़ाई के तनाव में छात्रों की आत्महत्याओं के मामले देश में लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं और पैरेंट्स के द्वारा कोचिंग संचालकों की मनमानी की शिकायतें भी लगातार आ रही हैं। इसी वजह से यह नए नियम न्यू कोचिंग पालिसी और नए नियम शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए हैं।

आज हमारे देश में गली–गली, मोहल्ले–मोहल्ले, शहर–शहर यहां तक कि गांवों तक में अनगिनत कुकरमुत्ते की भांति कोचिंग संस्थान खुल चुके हैं और इन कोचिंग संस्थानों में 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का नामांकन किया जा रहा है और अच्छे रैंक, अच्छे मार्क्स प्राप्त करने की गारंटी भी दी जा रही है और उसके नाम पर मोटी फीस वसूली जा रही है। वास्तव में कोचिंग संस्थान अच्छे नंबरों, अच्छी रैंक दिलाने वाले, अभिभावकों और छात्रों को गुमराह करने वाले वादे नहीं कर सकते हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि कोचिंग संस्थान कोचिंग की गुणवत्ता या उसमें दी जाने वाली सुविधाओं या ऐसे कोचिंग संस्थान या उनके संस्थान में पढ़े छात्र द्वारा प्राप्त परिणाम के बारे में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी दावे को लेकर कोई भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकते हैं या प्रकाशित नहीं करवा सकते हैं या प्रकाशन में भाग नहीं ले सकते हैं। वर्तमान में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए नए दिशा–निर्देशों के अनुसार अब कोई भी कोचिंग संस्थान 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों का नामांकन नहीं कर सकेंगे।



हाल में जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार, अब कोई भी कोचिंग सेंटर स्नातक से कम शिक्षा वाले ट्यूटर को नियुक्त नहीं करेगा। दूसरे शब्दों में कहें तो कोचिंग संस्थानों में पढ़ाने के लिए नई गाइडलाइन के मुताबिक शिक्षकों का ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। वास्तव में छात्रों का नामांकन सिर्फ सेकेंडरी स्कूल एक्जामिनेशन के बाद होना चाहिए। अब कोचिंग संस्थान कोचिंग की गुणवत्ता या कोचिंग में प्रस्तावित सुविधाओं या हासिल किए गए परिणाम या कक्षाओं का हिस्सा रहे छात्रों के बारे में किसी भी दावे से जुड़ा गुमराह करने वाला विज्ञापन प्रकाशित नहीं कर सकते। कोचिंग सेंटर किसी भी ऐसे ट्यूटर या व्यक्ति की सेवाएं नहीं ले सकते जिसे नैतिक रूप से भ्रष्टता के किसी अपराध में दोषी ठहराया गया हो। अब कोचिंग सेंटरों की वेबसाइट भी होगी जिन पर ट्यूटरों की शैक्षिक योग्यता, पाठ्यक्रमों, उन्हें पूरा किए जाने की समयावधि, छात्रावास आदि की सुविधाएं और कोचिंग संस्थानों द्वारा अभिभावकों से लिए जा रहे शुल्क का ताजा विवरण होगा। इतना ही नहीं कोचिंग बीच में छोड़ने पर कोचिंग संस्थानों को यथानुपात फीस भी लौटानी होगी। अब से पहले अधिकतर मामलों में अनुपात के अनुरूप फीस नहीं लौटाई जाती थी। नए जारी दिशा–निर्देशों के मुताबिक, विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ट्यूशन फीस उचित होनी चाहिए और उसकी रसीद भी अभिभावकों को उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

नए प्रावधानों के अनुसार यदि छात्र ने पाठ्यक्रम की पूरी फीस का भुगतान कर दिया है और वह किसी कारणवश पाठ्यक्रम विशेष को बीच में ही छोड़ देता है तो उसे 10 दिनों के भीतर यथानुपात में फीस रिफण्ड की जाएगी। इतना ही नहीं, यदि छात्र कोचिंग सेंटर के छात्रावास में रहकर अध्ययन कर रहा था तो छात्रावास एवं भोजनालय की फीस भी अभिभावकों को यथानुपात में रिफंड की जाएगी। किसी भी स्थिति में पाठ्यक्रम जारी रहने के दौरान उसकी उस फीस में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी जिसके आधार पर छात्र का नामांकन किया गया है।

नए प्रावधानों के अनुसार अब कोचिंग सेंटरों को तीन माह में पंजीकरण भी करना होगा। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि केंद्र सरकार ने यह सुझाव दिया है कि अत्याधिक शुल्क वसूलने के लिए कोचिंग सेंटरों पर एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जाना चाहिए या उनका पंजीकरण रद्द कर दिया जाना चाहिए। पंजीकरण उस स्थिति में रद्द होगा जब कोचिंग संस्थानों द्वारा सरकार द्वारा जारी नियमों का उल्लंघन किया जाएगा। यहां यह उल्लेखनीय है कि पहली बार नियमों का उल्लंघन करने पर 25000 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। दूसरी बार नियमों का उल्लंघन करने पर कोचिंग संस्थान को एक लाख रुपये जुर्माना लगाया जाएगा। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि कोचिंग संस्थानों की उचित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने दिशा–निर्देशों के प्रभावी होने के तीन महीनों के भीतर नए एवं पहले से मौजूद कोचिंग सेंटरों के पंजीकरण का प्रस्ताव किया है। इतना ही नहीं, कोचिंग सेंटरों की गतिविधियों की निगरानी के संबंध में भी यह निर्देश जारी किए गए हैं कि इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार होगी।

## जलवायु परिवर्तन तोड़ रहा सांसों की डोर

**सुमित यादव**

आमतौर पर माना जाता है कि जलवायु परिवर्तन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरनाक है। लेकिन हाल ही हुए एक शोध से सामने आया है कि यह मनुष्य जीवन के लिए भी नुकसान देह है। जलवायु में बदलाव हर व्यक्ति से उसके जीवन के औसतन छह महीने छीन सकता है। नए शोध के अनुसार सालाना औसत तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने पर लोगों की जीवन प्रत्याशा 0.44 वर्ष यानी करीब साढ़े पांच महीने तक कम हो जाएगी। इसके साथ ही शोध में यह भी कहा गया है कि जैसे–जैसे तापमान बढ़ता है वो बारिश में आते बदलावों के साथ मिलकर जीवन प्रत्याशा को कहीं ज्यादा प्रभावित कर सकता है। इस अध्ययन के नतीजे प्लोस क्लाइमेट नामक जर्नल में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि वैश्विक स्तर पर बढ़ता तापमान पहले ही एक डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है और इसको लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि यह बहुत जल्द डेढ़ डिग्री सेल्सियस की सीमा को पार कर सकता है। नेशनल ओसेनिक एंड एटमोस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) ने हाल ही में इस बात की पुष्टि की है कि 2023 पिछले 174 वर्षों के जलवायु रिकॉर्ड का अब तक का सबसे गर्म वर्ष था। जब वैश्विक तापमान में होती वृद्धि 20वीं सदी के औसत तापमान से 1.18 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज की गई है।

यह नया अध्ययन बांग्लादेश की शाहजलाल यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी और द न्यू स्कूल फॉर सोशल रिसर्चए न्यूयार्क से जुड़े शोधकर्ता अमित रॉय द्वारा किया गया है। अपने इस अध्ययन में उन्होंने 191 देशों में 1940 से 2020 के बीच तापमान, वर्षा और जीवन प्रत्याशा से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया है। जलवायु परिवर्तन लोगों के स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करेगा। इसे समझने के लिए वैज्ञानिकों ने एक रूपरेखा तैयार की है, जिसमें इसके स्वास्थ्य पर पड़ते प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रभावों को शामिल किया गया है। इनमें प्रत्यक्ष रूप से पड़ने वाले प्रभावों में मौसम में आते बदलाव और चरम मौसमी घटनाएं जैसे लू, बाढ़, सूखा शामिल हैं, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से जलवायु परिवर्तन के आर्थिक प्रणालियों और पारिस्थितिकी तंत्रों पर पड़ते प्रभावों को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में तापमान और वर्षा के अलग–अलग प्रभावों का अध्ययन करने के अलावा, शोधकर्ता रॉय ने अपनी तरह का जलवायु परिवर्तन सूचकांक भी तैयार किया है, जो व्यापक रूप से जलवायु परिवर्तन की गंभीरता को मापने के लिए इन दोनों कारकों को जोड़कर देखता है। रिसर्च के नतीजे दर्शाते हैं कि यदि इस सूचकांक में दस अंकों का इजाफा होता है तो उससे जन्म के समय जीवन प्रत्याशा छह महीने घट जाएगी। वैश्विक स्तर पर देखें तो बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन का असर अलग–अलग रूपों में सामने आने लगा है। आज यह प्रभाव बढ़ते तापमान, बारिश में आते बदलावों और चरम मौसमी घटनों में होती वृद्धि तक ही सीमित नहीं है। यह बदलाव हमारे भोजन, पानी, हवा और मौसम को भी प्रभावित कर रहा है जो हमारे स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि 2030 से 2050 के बीच जलवायु परिवर्तन सालाना करीब ढ़ाई लाख मौतों की वजह बन सकता है। साथ ही इसकी वजह से प्रति वर्ष वैश्विक आय में 400 करोड़ डॉलर से ज्यादा का नुकसान होगा। अध्ययन में वैश्विक तापमान के साथ–साथ बारिश में आते बदलावों से जुड़े खतरों पर भी प्रकाश डाला गया है। जहां भारी बारिश से बाढ़, बीमारियों और फसलों को होते के नुकसान के साथ मृदा अपरदन और कुपोषण का खतरा बढ़ जाएगा। वहीं बारिश में आती कमी से सूखा, सिंचाई और पीने के पानी की कमी के साथ कृषि पैदावार को असर पड़ेगा। नतीजन न केवल खाद्य कीमतों में इजाफा होगा। साथ ही खाद्य असुरक्षा का खतरा बढ़ जाएगा। जो लोगों में पोषण और स्वास्थ्य पर असर डालेगा। अध्ययन के मुताबिक दुनिया के कई बेहद कमजोर देश, जो कृषि से जुड़े रोजगार पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं। उन देशों में यह बदलाव रोजगार को नुकसान पहुंचाने के साथ किसानों की आय में कमी की वजह बन रहे हैं। इसके साथ ही यह उस क्षेत्र में स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर रहे हैं। शोध में यह भी सामने आया है कि जलवायु में आता यह बदलाव पुरुषों की तुलना में महिलाओं की जीवन प्रत्याशा को कहीं ज्यादा प्रभावित कर सकता है। अनुमान है कि यदि वार्षिक जलवायु परिवर्तन सूचकांक 10 अंक बढ़ता है, तो जहां पुरुषों की जीवन प्रत्याशा करीब पांच महीने घट जाएगी।

# डीप फेकः साइबर दुनियां के नए खतरे को कैसे दें मात?

—राजेंद्र कुमार शर्मा

डिजिटल और साइबर जगत में नित नए प्रयोग और अविष्कार हो रहे हैं, नई–नई तकनीकियां हमारे सामने आ रही है, जो हमारे कार्य और जीवन को पहले से और अधिक सुविधाजनक बना रही है। शायद यही वजह है कि हम इन्हें अपनाने में जल्दबाजी और अपरिपक्वता दिखाते है। जिसके कारण यह तकनीकियां कई बार हमारे लिए बेहद जटिल समस्याएं भी खड़ी कर देती हैं। इसी कंप्यूटर और आभासी दुनिया के क्षेत्र में एक नया नाम है आई अर्थात आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीकी या फिर कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रौद्योगिकी। इस टेक्नोलॉजी के विकसित होने के बाद दुनियाभर के लोगों के लिए बहुत सारी नई सुविधाओं के रास्ते खुले हैं, लेकिन उसके साथ–साथ लोगों की निजता भी खतरे के साए में आ गई है। इसी का एक बेहद ही खतरनाक पहलू डीप फेक के रूप में देखने को मिल रहा है। हाल ही में देश की कुछ मशहूर हस्तियां के डीप फेक का शिकार होने के समाचार, टीवी चैनलों और समाचार पत्रों की सुर्खियां बने, जिससे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग का नमूना हमारे सामने आया।

क्या आप सचमुच जो देखते हैं उस पर विश्वास कर सकते हैं? डीप फेक (डीप लर्निंग और फेक का चित्रण) सिंथेटिक मीडिया हैं, जिन्हें एक व्यक्ति की समानता को दूसरे की समानता से बदलने के लिए डिजिटल रूप से हेरफेर किया जाता है। डीप फेक गहरी जनरेटिव विधियों के माध्यम से चेहरे की बनावट में हेरफेर है। डीपफेक दृश्य, वीडियो और ऑडियो सामग्री में हेरफेर करने के लिए मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी शक्तिशाली तकनीकों का उपयोग किया जाता है। जो अधिक आसानी से धोखा दे सकते हैं। डीप फेक बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली मुख्य मशीन लर्निंग विधियां डीप लर्निंग पर आधारित हैं और इसमें जेनरेटर न्यूरल नेटवर्क आर्किटेक्चर शामिल है। अगर साधारण रूप से समझा जाए तो डीप फेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर फेक यानी फर्जी फोटो, ऑडियो या वीडियो बनाए जा सकते हैं। किसी भी तस्वीर, ऑडियो या वीडियो को फर्जी तैयार के लिए, आई की डीप लर्निंग का इस्तेमाल होता है इसलिए इसे डीप फेक कहा जाता है। डीप फेक को अनुभवी लोगों की प्रशिक्षित आंखें ही वास्तविक वीडियो और डीप फेक कंटेंट के बीच अंतर पहचान सकती है। डीप फेक एक साइबर हमला कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। डीप फेक का चिंतनीय पहलू इसका खतरनाक स्तर तक दुरुप्रयोग किया जाना है। जैसे बाल यौन शोषण सामग्री, प्रसिद्ध हस्तियों के आपत्तिजनक वीडियो, फर्जी समाचार, धमकाने, ब्लैक मैलिंग और वित्तीय धोखाधड़ी आदि।डीप फेक के माध्यम से दुष्प्रचार और घृणास्पद भाषण फैलाने में, सामूहिक एजेंडा निर्धारित करने और सूचित निर्णय लेने के माध्यम से राजनीतिक इच्छा व्यक्त करने की क्षमता में हस्तक्षेप करके लोकतांत्रिक प्रणालियों पर कुठाराघात कर, प्रजातांत्रिक तंत्र को हानि पहुंचाना आदि कुछ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की चिंतित करने वाली समस्याएं भी सामने आ रही है। डीप फेक छवियों और वीडियो में विशेष असामान्यताएं हो सकती हैं। मेटाडेटा विश्लेषणः डिजिटल फाइल में मेटाडेटा का उपयोग इसकी उत्पत्ति का पता लगाने और प्रामाणिकता निर्धारित करने के लिए किया जा सकता है। फॉरेंसिक विश्लेषण– वीडियो पैटर्न और ऑडियो का फॉरेंसिक विश्लेषण किया जा सकता है। नए वीडियो को नकली या वास्तविक के रूप में वर्गीकृत करने में मददगार साबित हो सकता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि जैसे–जैसे नकली एआई– जनरेटेड और फेस– स्वैपिंग वीडियो अधिक विश्वसनीय होते जाएंगे, उ

# अजय देवगन ने अपनी दमदार एक्टिंग से फिर जीता दिल, शानदार हुई मैदान की शुरुआत



अजय देवगन की स्पोर्ट्स ड्रामा ह्यमैदानह्न की रिलीज का फैंस को बेसब्री से इंतजार था. ये फिल्म ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई और इसे बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की बड़े मियां छोटे मियां से क्लैश भी करना पड़ा. हालांकि मैदान को भी दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और इसकी बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत अच्छी हुई है. चलिए यहां जानते हैं मैदान ने रिलीज के पहले दिन कितने करोड़ का कलेक्शन किया है अजय देवगन की मैदान को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला है. तमाम सेलेब्स और दर्शकों ने भी सोशल मीडिया पर इस फिल्म की जमकर तारीफ की है. फेमस राइटर जावेद अख्तर ने भी सोशल मीडिया पर फिल्म में अजय देवगन की दमदार एक्टिंग की जमकर सराहना की है और इसे मस्ट वॉच कहा है. इसी के साथ मैदान की पहले दिन की बॉक्स ऑफिस परफॉर्मेंस भी काफी शानदार रही है. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पहले दिन की कमाई के शुरुआत आंकड़े भी आ गए हैं.सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक मैदान ने रिलीज के पहले दिन 7.10 करोड़ का कलेक्शन किया है. हालांकि ये अर्ली एस्टीमेट है फाइनल डाटा आने के बाद इनमें थोड़ा बदलाव हो सकता है.अजय देवगन की मैदान की ओपनिंग बेशक अच्छी रही है लेकिन ये फिल्म एक्टर की पिछली हिट फिल्म शैतान का रिकॉर्ड ब्रेक नहीं कर पाई है. दरअसल मैदान ने रिलीज के पहले दिन 7.10 करोड़ से ओपनिंग की है जबकि शैतान ने रिलीज के पहले दिन 15.21 करोड़ रुपये की कमाई की थी. वहीं मैदान अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की लेटेस्ट रिलीज बड़े मियां छोटे मियां से भी पिछल गई है. बता दें कि बड़े मियां छोटे मियां ने रिलीज के पहले दिन 15.50 करोड़ की कमाई की है. वहीं मेकर्स को वीकेंड पर फिल्म की कमाई में उछाल आने की उम्मीद है. अमित रविंदरनाथ शर्मा द्वारा निर्देशित, मैदान देश के बेहद पॉपुलर कोच सैयद अब्दुल रहीम की बायोपिक है.

## अक्षय राउंड 3 के अंत में फिसले, शेफ़लर ऑगस्टा एकल बढ़त पर

ऑगस्टा, भारतीय अमेरिकी अक्षय भाटिया को 16–17 पर दो होल के मामले में तीन शॉट का नुकसान उठाना पड़ा और इसके साथ ही उन्होंने एक साल पहले साहिथ थीगाला की तरह शीर्ष –10 में जगह बनाने का मौका खो दिया। भाटिया (72–75–72) पहले से ही पीजीए टूर पर दो बार विजेता, 5–ओवर और संयुक्त–28 थे , जबकि एक अन्य भारतीय अमेरिकी साहिथ थीगाला ने लगातार तीसरा 74 का शॉट लगाकर 6–ओवर और संयुक्त–36वां स्थान प्राप्त किया।

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी शेफ़लर ने बैक नाइन में दो–दो बर्डी और बोगी के साथ रोलर–कोस्टर खेला, इसके अलावा अपने दूसरे नाइन में एक ईगल और एक डबल लगाया। 66–72–71 के साथ वह अब 7–अंडर और एकल बढ़त पर हैं। शेफ़लर से पीछे दो बार के मेजर विजेता, कॉलिन मोरीकावा (6–अंडर) हैं और उनका पीछा मैक्स होमा (5–अंडर), नौसिखिया लुडविग एबर्ग (4–अंडर) और ब्रायसन डीचैम्ब्यू (3–अंडर) कर रहे हैं। पांच बार के मास्टर्स विजेता टाइगर वुड्स ने ऑगस्टा नेशनल में अपना सबसे खराब 82 का स्कोर किया, क्योंकि एक दिन पहले रिकॉर्ड संख्या में सीधे कट लगाने के बाद वह लीडरबोर्ड में नीचे खिसक गए।

# सिर्फ़ शिमरॉन हेटमायर ने टी20 क्रिकेट खेला, बाकी सभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थेः आकाश चोपड़ा



मुल्लांपुर, राजस्थान रॉयल्स ने शनिवार को मोहाली के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर टाटा आईपीएल 2024 में अपनी पाँचवीं जीत दर्ज की। पंजाब ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 147 रनों का स्कोर खड़ा किया, जिसे राजस्थान ने अंतिम ओवर में रोमांचक तरीके से हासिल कर लिया। जियोसिनेमा आईपीएल एक्सपर्ट ज़हीर खान, आरपी सिंह और आकाश चोपड़ा ने मैच सेंटर लाइव पर केशव महाराज (2/23) और शिमरॉन हेटमायर (10 गेंदों पर 27 रन) के प्रदर्शन की प्रशंसा की। आकाश चोपड़ा, जियोसिनेमा टाटा आईपीएल एक्सपर्ट ने शिमरॉन हेटमायर को लेकर कहा, वास्तव में, अगर आप देखें, तो वह आज टी20 शैली में खेलने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। ऐसा लग रहा था कि बाकी सभी टेस्ट क्रिकेट खेल रहे थे! जहीर खान ने केशव महाराज के बारे में कहा, आरआर के लिए यह एक अच्छी साइनिंग है। यह एक बेहतरीन टीम है। एक बेहतरीन प्लेइंग इलेवन है। भले ही अश्विन नहीं खेल रहे थे, लेकिन फिर भी उन्होंने स्पिन गेंदबाज़ों के मामले में पर्याप्त दमदार प्लेइंग इलेवन बनाई। इन दोनों स्पिन गेंदबाजों ने निराश नहीं किया। केशव महाराज बल्ले से भी योगदान दे सकते हैं, लेकिन आज उन्होंने जो नियंत्रण दिखाया वह कमाल का था। आरपी सिंह ने केशव महाराज के बारे में कहा– केशव ने वाकई बहुत अच्छी गेंदबाजी की। हर कोई उनकी गेंदबाजी में फंस रहा था। किसी भी समय कोई उन्हें वास्तव में अच्छा नहीं खेल पाया। जॉनी बेयरस्टो का विकेट लेना शानदार था, और उसके बाद, उन्होंने सैम करन को भी वापस भेजा। केशव की गेंदबाजी शानदार रही। वह आमतौर पर गेंद को टर्न नहीं करते हैं, लेकिन आज वह इसे टर्न भी कर रहे थे।

# गोपीचंद 32 के शीर्षक से उठा पर्दा, गोपीचंद की फिल्म विश्वम का फर्स्ट स्ट्राइक टीजर जारी



माचो स्टार गोपीचंद और निर्देशक श्रीनु वैतला ने पहला स्ट्राइक वीडियो जारी करके ईद की पूर्व संध्या पर एक सामूहिक दावत की पेशकश की। पीपुल्स मीडिया फैक्ट्री और वेणु डोनेपुडी के चित्रालयम स्टूडियोज के तहत टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित हाई–वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर प्तगोपीचंद32 ने अपने शीर्षक विश्वम का भी अनावरण किया। पहला स्ट्राइक वीडियो विवाह समारोह के साथ शुरू होता है जिसमें दूल्हा और दुल्हन कार्यक्रम स्थल में प्रवेश करते हैं, संगीतकारों का एक समूह विभिन्न वाद्ययंत्र बजाता है, पुजारी मंत्रोच्चार करता है, और रसोइये स्वादिष्ट भोजन तैयार करते हैं। गोपीचंद अपने कंधे पर एक बड़ा गिटार केस लेकर विवाह स्थल की ओर चलते हुए प्रवेश करते हैं। यह गिटार नहीं, बल्कि मशीन गन है। चौंकाने वाली बात यह है कि वह दूल्हा–दुल्हन और शादी में आए सभी मेहमानों को गोली मारना शुरू कर देता है। अंत में, वह वहां भोजन का आनंद लेते हैं और कहते हैं, दाने दाने पर लिखा, खाने वाले का नाम इसपे लिखा मेरे नाम हल्की दाढ़ी और काला चश्मा लगाए गोपीचंद बेहद स्टाइलिश लग रहे थे। यह उन्हें एक नकारात्मक किरदार में पेश करता है। जिस तरह से उन्होंने संवाद बोला वह चरित्र के धूसर पहलू को दर्शाता है।

## बॉक्स ऑफिस पर फिल्म क्रूकी पकड़ बरकरार

करीना कपूर, तब्बू और कृति सैनन की फिल्म क्रू को सिनेमाघरों में रिलीज का दूसरा सप्ताह चल रहा है और यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए हैं।यह फिल्म शुरुआत से बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। हालांकि, पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है। फिल्म क्रू अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां और अजय देवगन की मैदान जैसी बड़ी फिल्मों का डटकर सामना कर रही है। क्रू की कमाई के 14वें दिन के आंकड़े भी सामने आए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने 1.20 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 64.95 करोड़ रुपये हो गया है। दुनियाभर में क्रूने 112.98 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। इस फिल्म में कपिल शर्मा और दिलजीत दोसांझ ने अहम भूमिकाओं में है।

# कंधे की चोट के कारण 7—10 दिनों तक एक्शन से बाहर धवन



मुल्लांपुर, पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 7 या 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकते हैं। पीबीकेएस के क्रिकेट विकास प्रमुख संजय बांगड़ ने इसकी पुष्टि की है।

अगर धवन एक हफ्ते के लिए बेंच पर बैठते हैं तो वह आईपीएल 2024 के दो पीबीकेएस घरेलू मैच, मुंबई इंडियंस के खिलाफ (18 अप्रैल) और गुजरात टाइटंस (21 अप्रैल) से चूक सकते हैं।

संजय बांगर ने कहा, कंधे में चोट के कारण धवन टीम से बाहर हैं। इसलिए, मैं कहूंगा कि उसके कुछ दिनों के लिए खेल से बाहर रहने की संभावना है। एक अनुभवी सलामी बल्लेबाज, शिखर जैसा कोई, जिसके पास खेलने का अनुभव है ऐसे विकेट पर टीम के लिए बेहद अहम हो जाता है। धवन राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ पीबीकेएस के शनिवार रात के मैच में भी नहीं खेल पाए। सैम करन ने उनकी जगह टीम की कप्तानी संभाली। बांगड़ ने किंग्स की तीन विकेट से हार के बाद कहा, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा कि वह उपचार के प्रति कैसी प्रतिक्रिया देता है, लेकिन फिलहाल ऐसा लगता है कि वह कम से कम सात से 10 दिनों के लिए मैदान से बाहर हो सकता है।

धवन की अनुपस्थिति में राजस्थान रॉयल्स के ख़िलाफ़ पंजाब की टीम की कमान सैम करन के पास थी। जब करन टॉस करने आए तो यह थोड़ा सा चौंकाने वाला फ़ैसला लगा था, क्योंकि जितेश शर्मा ने सीजन की शुरुआत से पहले चेन्नई में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था। इस संदर्भ में सवाल पूछे जाने पर संजय ने कहा, नहीं.. नहीं..वह (जितेश) उप–कप्तान नहीं हैं। उन्होंने आईपीएल की शुरुआत में कप्तानों के सम्मेलन में भाग लिया था।

# विकास नहीं, देवताओं के नाम पर वोट मांगते हैं प्रधानमंत्रीः गोदियाल

### झंडाचौक में जनसभा को संबोधित करते हुए बोले कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गादियाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः गढ़वाल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तराखंड के लोगों से विकास के नाम पर नहीं, देवताओं के नाम पर वोट मांगते हैं। जबकि, हकीकत यह है कि आज देवभूमि के लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे हैं। रोजगार के अभाव में युवा पहाड़ से पलायन को मजबूर हो गया है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी धन-बल के साथ सत्ता में बना रहना चाहती है। चुनाव से पूर्व मुझे भी भाजपा में शामिल होने के लिए कई प्रलोभन दिए गए। लेकिन, भाजपा की तिजोरी में वो दौलन नहीं है जो गणेश गोदियाल को खरीद सकें। रविवार शाम गणेश गोदियाल ने झंडाचौक में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दस वर्षों में जनता का शोषण किया है। विकास के नाम पर केवल जनता को गुमराह किया गया। भाजपा तीसरी बार सत्ता में आकर संविधान के मूल प्रावधानों को बदलना चाहती है। हमारा संविधान हमें अधिकार देता है कि यदि सत्ता में बैठी सरकार जनता का शोषण कर रही है तो उसे वोट की ताक से हटा दो। ऐसे में संविधान को बचाने के लिए आमजन को आगे आना होगा और अपने वोट की ताकत दिखानी होगी। कहा कि जब तक मैं चुनाव मैदान में नहीं था तब तक मुझपर इनकमटैक्स की कोई नजर नहीं थी। लेकिन, जैसे ही मैं चुनावी मैदान में उतरा मुझे इनकमटैक्स के नोटिस मिलने लगे। मेरे परिवार को नोटिस पर नोटिस भेजकर डराने का प्रयास किया गया। कहा कि भाजपा नफरत की राजनीति करती है। दस साल से जनता लगातार जनता को ठगने का कार्य किया गया है। कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का नेता होने से पहले गढ़वाल का लाल हूं। आज गढ़वाल के हित को लेकर ही मैदान में डटा हुआ हूं। कहा कि गढ़वाल के कई नेताओं ने उत्तर प्रदेश का नेतृत्व किया। आज हमें गर्व है कि योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। मैं केदारनाथ का चेला हूं और योगी जी गोरखनाथ के चेले हैं। ऐसे में हम दोनों गुरु भाई हैं। भाजपा में होने के नाते योगी जी की मजबूरी है कि वह भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचे। कहा कि मैं योगी जी को सचेत करना चाहता हूं कि गढ़वाल से भाजपा का प्रत्याशी वही है जिसने मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से मुख्यमंत्री की गद्दी छीनी थी। साथ ही तीरथ सिंह रावत का टिकट भी काटा।

कहा कि जिस गांव को अनिल बलूनी ने गोद लिया है जब मैं वहां के ग्रामीणों से मिलने पहुंचा तो उन्होंने बताया कि आज तक वह गांव में झांकने तक नहीं पहुंचे। इस मौके पर पूर्व काबीना मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व महापौर हेमलता नेगी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के झंडाचौक मे जनसभा को संबोधित करते गणेश गोदियाल



अंबेडकर जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद सदस्य

# अंबेडकर के विचारों पर चले युवा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः झंडीचौड़ उत्तरी अंबेडकर पार्क में संविधान निर्माता बाब साहब भीमराव अंबेडकर की जयन्ती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान युवाओं से बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने की भी अपील की गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। इस दौरान भारत मुक्ति मोर्चा के सतीश औडवाल पार्षद अमित नेगी, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष आलम सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता गीता सिंह, मनोज सिंह, प्रशांत चौधरी, शिवम, किरण शाहर ने अपने विचार व्यक्त किए। सदस्यों ने कहा कि समाजिक हित में दिए गए बाबा साहेब के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि बेहतर समाज निर्माण के लिए हमें बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान लोगों को मतदान के प्रति भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अंबेडकर मंच के अध्यक्ष आलम सिंह ने सभी को बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

# वरिष्ठ नागरिक संगठन ने अस्पताल में मरीजों को बांटे फल




कोटद्वार बेस अस्पताल में मरीजों को फल बांटने पहुंचे सदस्य

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर वरिष्ठ नागरिक संगठन ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में भर्ती मरीजों को फल वितरित किए।

रविवार को सदस्यों ने राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में पहुंचकर मरीजों को फल बांटे। उन्होंने मरीजों से उनका हाल–चाल पूछते हुए हर संभव मदद का भी आश्वासन दिया। कहा कि संगठन लगातार सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान देता है। कहा कि डा.अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेकर ही संगठन आगे बढ़ रहा है। इस मौके पर संगठन अध्यक्ष पीएल खंतवाल, महासचिव रिपुदमन सिंह बिष्ट, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र बिष्ट, केशर सिंह चौहान, जयवीर सिंह, सुरेंद्र लाल आर्य, प्रदीप अग्रवाल, कृष्णा सिघानिया, सत्यप्रकाश थपलियाल, मेहरबान सिंह चौहान, आरपी पंत, इंद्रमणी देवरानी, मोहन चंद्र आदि मौजूद रहे।

## मतदान स्थलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः जिला निर्वाचन अधिकारी डा. आशीष चौहान ने बैंग्वाड़ी स्थित मतदेय स्थल राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैंग्वाड़ी का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदेय स्थल पर मूलभूत सुविधा व बीएलओ द्वारा किए जा रहे मतदान पर्ची वितरण की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र पर रैंप, पेयजल, विद्युत, शौचालय, सुगम प्रवेश और निकासी आदि व्यवस्थाओं की जानकारी दी। उन्होंने बीएलओ से कुल मतदाताओं, नए मतदाताओं, दिव्यांग मतदाता, वोटर लिस्ट की जानकारी ली गई। उन्होंने बीएलओ को मतदाता पर्ची का शतफीसदी वितरण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीएलओ अमीता देवी आदि शामिल रहे।

# शादी में जाने को नहीं मिल रहे वाहन, भटक रहे यात्री

### लोकसभा चुनाव में अधिकांश सार्वजनिक वाहनों को किया गया अधिग्रहित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः लोकसभा चुनाव में अधिकांश वाहनों के अधिग्रहित होने से आमजन को पहाड़ व मैदान जाने के लिए वाहन नहीं मिल पा रहे हैं। ऐसे में सबसे अधिक परेशानी शादी समारोह में शामिल होने के लिए जाने वाले लोगों को हो रही है। कई लोगों को मजबूरत निधि वाहन बुक कर आवाजाही करनी पड़ रही है। सबसे अधिक परेशानी पहाड़ी रुट पर देखने को मिल रही है।

वैसाखी के बाद से विवाह व चूड़ाकर्म सहित अन्य शुभ कार्य प्रारंभ हो गए हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में लोग पहाड़ व मैदान में शादी समारोह व अन्य शुभ कार्यों में शामिल होने के लिए आवाजही करते हैं। लेकिन, वर्तमान में लोकसभा चुनाव को देखते हुए अधिकांश वाहन अधिग्रहित हो गए हैं। जिससे यात्रियों को वाहनों की तलाश में इधर उधर भटकना पड़ रहा है। गढ़वाल जीप–टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अमरदीप सिंह रावत ने बताया कि उनकी यूनियन में 280 वाहन हैं, जिनमें से करीब 265 वाहनों को अधिग्रहित कर दिया गया है। इधर, गढ़वाल मोटर्स आनर्स यूनियन की 330 बसों के बेड़े में से 262 बसें चुनाव के लिए अधिग्रहित की गई हैं। अधिकांश वाहन पहाड़ी रुट पर संचालित होने वाले हैं। समय से वाहन नहीं मिलने से यात्री परेशान हो रहे हैं। रविवार को दिल्ली से रिखणीखाल जाने के लिए पहुंचे मयंक कुमार ने बताया कि घंटों इंतजार करने के बाद भी उन्हें गांव जाने के लिए वाहन नहीं मिला। नतीजा उन्हें निजी वाहन बुक कर गांव जाना पड़ रहा है।




कोटद्वार कोतवाली के बाहर खड़ी अधिग्रहित बसें

## एक नजर

### भुलाया नहीं जा सकता नेता जी का योगदान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः पूर्व–सैनिक सेवा परिषद की ओर से आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेता जी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान सदस्यों ने नेता जी के योगदान को याद करते हुए सदैव उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

बदरीनाथ मार्ग स्थित एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने सदैव देश हित में कार्य किया। उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर आजादी की लड़ाई को कारगर किया। कहा कि युवाओं को नेता जी के जीवन पर लिखी पुस्तकों का अध्ययन कर उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में आजाद हिंद फौज के सदस्य रहे मुरली सिंह रावत की पुत्रवधू माया देवी व पौत्र चंद्रमोहन सिंह रावत को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीपी डोबरियाल, गोपाल कृष्ण बड़थ्वाल, अनूप बिष्ट, देवेंद्र सिंह नेगी, बलवान सिंह रावत, बृजमोहन सिंह रावत, राजुला देवी, सुरेश रावत, गोपाल जखमोला आदि मौजूद रहे।

### गुनसोला को जिताने के लिए रणनीति बनाई

उत्तरकाशी। टिहरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जोत सिंह गुनसोला को विजयी बनाने के लिए वामपंथी दलों के कार्यकर्ताओं ने उत्तरकाशी में बैठक कर रणनीति बनाई।

चुनाव प्रचार में तेजी लाकर गुनसोला की जीत को सुनिश्चित करने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित माकपा टिहरी संसदीय क्षेत्र के संयोजक सुरेंद्र सिंह सजवाण ने कहा कि मोदी सरकार के कुशासन के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन संविधान बचाओ, देश बचाओ नारे के साथ चुनाव अभियान में है। उन्होंने कहा कि गठबंधन को विजयी बनाने के लिए उत्तराखंड में वामपंथी दलों ने अपना प्रत्याशी खड़ा न कर कांग्रेस को समर्थन दिया है।

### विधायक सुरेश ने पीएम मोदी की जीत के लिए गंगोत्री में की पूजा अर्चना

उत्तरकाशी। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने पीएम नरेन्द्र मोदी के आरोग्य जीवन व 400 पार के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए मां गंगा की पूजा अर्चना की। वहीं साधु संतों से मुलाकात कर टिहरी संसदीय क्षेत्र से माला राज्य लक्ष्मी शाह को विजय बनाने की अपील की।

# बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से संविधान निर्माता डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती बनाई गई। इस दौरान सदस्यों ने बाबा साहेब के विचारों को जन–जन तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया। कहा कि बेहतर समाज निर्माण के लिए हमें महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

शैलशिल्पी विकास संगठन की ओर से सिम्मलचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त रेंजर केसी राम निराला ने कहा कि बाबा साहब की विद्धता का लाभ पूरे राष्ट्र को मिला है। उन्होंने सदैव महिलाओं व दबे–कुचले समाज की आवाज को बुलंद किया। विकास कुमार आर्य ने कहा कि डा.अंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ ही शिक्षा पर जोर दिया। बाबा साहेब ने संविधान के रूप में देश की जनता को एक बड़ी ताकत दी है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी होनी चाहिए। इस मौके पर संगठन के संरक्षक धीरजधर बछुवाण, मनवर लाल भारती, जगदीश राठी, शिव कुमार, केआर राठी, भारत भूषण शाह, सुरेंद्र, ओमप्रकाश कोटला, प्रमोद कुमार, धर्मेंद्र आर्य, सुनीता देवी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि देते सदस्य

## शांति व्यवस्था भंग करने पर हुई कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने लोक शांति व्यवस्था भंग करने पर एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक को परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय पौड़ी में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। कोतवाल एनके भट्ट ने बताया कि कमरगढ़ निवासी सुशील कुमार द्वारा द्वारा अपने गांव में परिवार वालों के साथ मारपीट कर लोक शान्ति व्यवस्था भंग की जा रही थी जिस पर हुड़दंगी युवक को गिरफ्तार किया गया है। बताया कि युवक को परगना मजिस्ट्रेट न्यायालय पौड़ी में प्रस्तुत करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस टीम में एसआई लक्ष्मी जोशी, कांस्टेबल अनिल बिजल्वाण शामिल रहे।

# गजेंद्र राणा व मुकेश कठैत के गीतों पर झूमे लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः डांडानागराजा मंदिर विकास समिति द्वारा आयोजित मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में लोकगायक गजेंद्र राणा व मुकेश कठैत ने भजनों व गढ़वाली लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति दी। हर साल बैशाखी के अवसर पर यहां पर मेला आयोजित किया जाता है। रविवार को आयोजित मेले में स्थानीय ग्रामीणों के साथ ही बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीण भी आए। इस मौके पर डांडानागराजा मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष कमलेश चमोली, सचिव राजेंद्र प्रसाद बिजल्वाण, उपाध्यक्ष उपेंद्र भटट, कोषाध्यक्ष मुकेश बिष्ट, सहसचिव सुमन सिंह आदि शामिल रहे। वहीं, चैत्र नवरात्र के तहत छटवें दिन भुवनेश्वरी सिद्धपीठ में मां कात्यायनी की विधिवत रूप से पूजा अर्चना हुई। श्रद्धालुओं ने माता के भजनों पर जमकर झूमें व जयकारे लगाए। समिति के पदाधिकारियों ने सुबह हवन यज्ञ कर माता की कथाओं का प्रवचन किया। बताया कि मां कात्यायनी आदि शक्ति पार्वती के नौ विग्रह स्वरूपों में से छठवीं रूपणी हैं। बताया कि यजुर्वेद के तैत्तिरीय आरंयक में माता का उल्लेख सबसे पहले आता है। जो भक्त सच्चे मन से माता का स्मरण करता है मां उसकी सभी इच्छाएं पूरी करती हैं। कार्यक्रम में ब्रिगेडियर विद्याधर जुयाल संस्कृत विद्यालय के छात्रों ने माता के भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिगंबर जुयाल, आचार्य नवीन ममगांई आदि शामिल रहे।

# सामाजिक हित में अभियान चलाएगा हिंदू जागरण मंच

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः हिंदू जागरण मंच ने आमजन को लव जिहाद के प्रति जागरूक करने का निर्णय लिया है। कहा कि समाज को बेहतर दिशा में ले जाने व अपनी संस्कृति सभ्यता को बचाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

रविवार को विशनपुर कुंभीचौड़ में मंच की बैठक आयोजित की गई। जिला संयोजक सौरभ गोदियाल ने कहा कि समाज में बढ़ रही कुरीतियों के खिलाफ हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा।

कहा कि आज लव जिहाद के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में आवश्यकता है कि लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जाएं। संगठन मंत्री नरेंद्र ने कहा कि हिंदू जागरण मंच को मजबूती बनाने के लिए जल्द ही सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कहा कि प्रत्येक खंड में संगठन की कमेटी का विस्तार किया जाएगा। जिला सह संयोज प्रीतम नेगी ने कहा कि हमें अपने संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण पर ध्यान देना होगा।

इसके लिए युवाओं को आगे आने की आवश्यकता है। इस मौके पर जिला संयोजक अनूप ध्यानी, नगर संयोजक सत्यप्रकाश ढौंडियाल, सत्यपाल सिंह, आनंद गोस्वामी, पूजा बिष्ट, अनीता देवी, शांति देवी, प्रीति देवी, रवींद्र बिष्ट, कपिल राज आदि मौजूद रहे।

## ये उत्सव है लोकतंत्र का गीत हुआ रिलीज

उत्तरकाशी। स्वीप कला जत्था टीम उत्तरकाशी द्वारा तैयार मतदाता जागरूकता गीत ह्ये उत्सव है लोकतंत्र का रिलीज हुआ। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गीत रिलीज किया गया। अब तक टीम ने जनपद के लगभग 45 गांवों में नुक्कड़ नाटक, मतदाता जागरूकता गीत दोहे व जनसंवाद कर लोगों को जागरूक किया है।इस मतदाता जागरूकता गीत को प्रियांशु ने अपनी आवाज दी है। जबकि डॉ राजेश जोशी ने लिखा है और अजय नौटियाल ने संगीत दिया है। स्वीप कला जत्था टीम के अरविंद पश्चमी, कृष्णानंद बिजल्वाण व कन्हैया सेमवाल ने इस गीत को तैयार करने में अहम योगदान दिया। स्वीप कला जत्था टीम के अजय नौटियाल ने बताया कि विगत दो से मतदेय स्थलों पर लोकतंत्र की मजबूती को मतदान जरूरी संदेश के साथ मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# हेमा नेगी करासी व मंगलेश डंगवाल के जागरों पर झूमे दर्शक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः एकेश्वर में चल रहे दो दिवसीय मेल के अंतिम दिन लोकगायिकता हेमा नेगी करासी व मंगलेश डंगवाल की आवाज का जादू देखने को मिला। इस दौरान इस दौरान महिला समूह के लिए आयोजित थड़िया-चौफला प्रतियोगिता में गुराड गांव में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

मेले के अंतिम दिन की शुरूआत लोकगायिका हेमा नेगी करासी ने भगवान बद्री विशाल के भजन से की। इसके बाद उन्होंने अपनी जागरों की प्रस्तुति से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। हेमा नेगी करासी ने 'कैलाश मा रंदा भोला जी..', 'खेल गेंदवा..', 'मेरी बामणी..', गीत की प्रस्तुति दी। मंगलेश डंगवाल ने भगवान एकेश्वर के जागरण गाए। इसके बाद उन्होंने 'मां भगवती नंदा राज राजेश्वरी..', 'जौनसारी महासू देवा..', 'सनातन धर्म वंदना..', 'लबरा छोरी..', 'माया बांद..', सहित कई अन्य लोकगीतों की प्रस्तुति दी, जिन्हें सुन आमजन झूमने लगा। मेला समिति के अध्यक्ष नरेंद्र नेगी ने कहा कि अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण हैं। इससे युवाओं को अपनी संस्कृति को पहचानने का अवसर मिलता है। मेले में महिला मंगल दलों के लिए थड़िया व चौफला प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें चौबीस ग्राम सभाओं ने प्रति भाग किया। प्रतियोगिता में गुराड़ गांव ने प्रथम, रणस्वा ने द्वितीय व नाव गांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर सचिन सजवाण, हिमानी रावत, रोशनी डंगवाल, सुषमा ब्याल, विनोद चौहान, सुनील गुसाई, कुलदीप जोशी, राकेश नैथानी, रामस्वरूप धस्माना, पुष्कर राणा, जगदम्बा डंगवाल, मीना भंडारी, नीरज पांथरी, हरीश बडोला, तेजपाल पंवार, हरीश बडोला, सुनील रावत आदि मौजूद रहे। मंच का संचालन गणेश खुगशाल व तेज पाल पंवार ने किया।




एकेश्वर में आयोजित मेले के दूसरे दिन लोकगीतों की प्रस्तुति देते लोकगायक मंगलेश डंगवाल

# अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ, शहर में निकाली जागरूकता रैली

### अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत दमकल कर्मियों ने निकाली रैली

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः रविवार से अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन दमकल कर्मियों ने मय वाहन शहर में रैली निकालकर आमजन को आग की घटनाओं के प्रति जागरूक किया। कहा कि आग की घटनाओं को रोकथाम के लिए आमजन का जागरूक होना आवश्यक है। टीम ने राहगीरों को अग्नि सुरक्षा से संबंधित प्रचार सामग्री भी बांटी। साथ ही कहीं भी आग की घटना होने पर इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को देने की अपील की।

रविवार को बीईएल रोड स्थित दमकल कार्यालय में अग्निशमन सेवा सप्ताह के शुभारंभ पर अग्निकांड की घटनाओं के दौरान शहीद हुए कर्मियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इसके बाद अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद्र गौतम ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान दमकल कर्मियों ने आमजन को जानकारी दी कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती है। अग्निशमन अधिकारी रमेश चंद्र गौतम ने बताया कि आमजन को आग से होने वाली घटनाओं के बारे में जागरूक करने के लिए अग्निशमन विभाग की ओर से सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। बताया कि अभियान के तहत क्षेत्रों में आग से बचाव के लिए व्यापक प्रचार प्रसार किया जाता है। साथ ही स्कूलों व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कहा कि अभियान के तहत औद्योगिक संस्थानों व अन्य प्रतिष्ठानों में जाकर अग्निशमन यंत्रों की भी जांच की जाएगी। साथ ही स्कूली बच्चों के साथ मिलकर भी जगह–जगह जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे।



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग से निकलती अग्निशमन विभाग की जागरूकता रैली

# धूमधाम से मनाई बाबा साहेब की जयंती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंति धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहेब के बताए आदर्शों को चलने का आह्वान किया। वहीं नवांकुर नाट्य समूह के कलाकारों ने बेरोजगारी, किसान व मजदूरों की समस्याओं पर नुक्कड़ नाटक के माध्मय से कटाक्ष किया।

आंबेडकर मूर्ति स्थल पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें याद किया। प्रादेशिक शिल्पकार कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने डॉ. आम्बेडर के कार्यों को जनहित में समर्पित बताया। समिति के अध्यक्ष हरीश चंद्र आर्य ने कहा कि बाबा साहेब के बनाए संविधान से सबसे अधिक लाभ महिलाओं को प्राप्त हुआ है।

कहा कि संविधान के बूते ही आज महिलाएं समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। इस मौके पर उन्होंने बाबा साहेब के जीवन वृत्त पर विस्तार से रोशनी डाली। वहीं नवांकुर नाट्य समूह के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर मौजूदा समय में बेरोजगारी, महंगाई, किसानों व मजदूरों की समस्याओं का कटाक्ष किया। इस मौके पर जेपी टम्टा, सुनील कुमार, प्रेम प्रकाश, गिरीश चंद्र, धर्मलाल, सुधीर चंद्र, नवीन कुमार, अंशुल भट्ट आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### कर्णप्रयाग बाजार में सड़क में बह रहा गंदा पानी

चमोली। कर्णप्रयाग में बस स्टेशन पर नाली बंद होने से सड़क पर दूषित पानी बह रहा है। स्थानीय लोगों ने जल्द नाली साफ करने की मांग उठाई है। सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र पंवार, दिनेश थपलियाल, बीरेंद्र कुमार और सतेंद्र पुंडीर ने नगर पालिका के अधिशाशी अधिकारी से मुलाकात की और नाली बंद होने के बाद बाजार में फैले दूषित पानी का वीडियो और फोटो दिखाते हुए कहा कि कर्णप्रयाग में बस स्टेशन पर पीपल के पेड़ नीचे एक सप्ताह से नाली बंद हो रखी है। ऐसे में पूरे बाजार में दूषित पानी और कीचड़ फैल रहा है। पानी में वाहनों के चलने से राहगीरों व आसपास की दुकानों में कीचड़ के छींटे पड़ रहे हैं। बगल में मंदिर है और आजकल नवरात्र में भक्तों को दूषित पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने जल्द नगर पालिका से नाली ठीक करने की मांग उठाई। नगर पालिका के सफाई निरीक्षक पंकज ने कहा कि नाली में कबाड़ व पत्थर फंस गए हैं। जल्द नाली खोल नाली जाएगी।

### डॉ भीमराव आंबेडकर को किया याद

चमोली। भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती पर चमोली जिले में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किये। राष्ट्र के गौरव और संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में उन्हें भारत की महान विभूति बताते सम्मान प्रकट किया गया। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय गोपेश्वर में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर कार्यकर्ताओं ने डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर फूल माला डालकर उन्हें याद किया। भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने समाज के वंचित शोषित समाज को उनके अधिकार और उन्हें समाज के मुख्यधारा में लाने के लिऐ संविधान में स्थान दिया। डॉ साहेब ने विश्व का सबसे उत्कृष्ट संविधान बनाकर स्वतंत्र भारत के प्रत्येक नागरिक को उनका अधिकारों को कानूनी रूप दिया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिला मुख्यालय पर आंबेडकर भवन में भीमराव आंबेडकर की जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए।

### मां कात्यायनी की पूजा–अर्चना कर मांगी सुख–समृद्धि

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में चैत्र नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने मंदिर और घरों में पूजा–अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की। महिला कीर्तन मंडली ने भजन प्रस्तुत कर माता का गुणगान किया। रविवार को चैत्र नवरात्र का छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा अर्चना के लिए सुबह से ही क्षेत्र के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी। मंदिरों, गली मोहल्लों और घरों से भी माता के भजन के स्वर सुनाई देते रहे। क्षेत्र के मनीराम मार्ग स्थित दुर्गा शक्ति मंदिर, मायाकुंड चौक स्थित तारा माता मंदिर, दून मार्ग स्थित शिव दुर्गा मंदिर, चंद्रेश्वर चौक स्थित दुर्गा मंदिर, ढालवाला बाईपास मार्ग स्थित भद्रकाली मंदिर, दून मार्ग स्थित मनईच्छा देवी मंदिर, शीशमझाड़ी स्थित मां कात्यायनी मंदिर, रायवाला बासंती माता मंदिर, बिंध्यवासिनी मंदिर आदि में माता की पूजा अर्चना हुई। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। शाम को मंदिरों में महिला कीर्तन मंडली ने भजन प्रस्तुत किए, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। शीशमझाड़ी स्थित मां कात्यायनी मंदिर के संस्थापक गुरविंदर सलूजा ने कहा कि माता कात्यायनी शक्ति और वीरता का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्हें एक योद्धा देवी के रूप में दर्शाया गया है, जिन्होंने कई असुरों का संहार किया था। ऐसा माना जाता है कि उनकी पूजा करने से भक्तों को साहस सुरक्षा और शांतिपूर्ण जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

### चरस के साथ दो लोग गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने चरस तस्करी में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक किलो दस ग्राम चरस बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोर्ट में पेश करने के बाद दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। हरबर्टपुर चौकी पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में चरस तस्करी हो रही है। चौकी पुलिस ने रविवार को वाहनों की तलाशी का अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस को एक कार में सवार दो लोगों पर संदेह हुआ। पुलिस ने दोनों आरोपियों और कार की तलाशी ली। इसमें आरोपियों के पास से एक किलो दस ग्राम चरस बरामद हुई।

# जिलाधिकारी ने मतदाताओं को भेजे पोस्टकार्ड, शत प्रतिशत मतदान का किया आह्वान







चमोली। स्वीप कार्यक्रम के तहत चमोली के जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गढवाली भाषा में पोस्टकार्ड भेजकर मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान की अपील की है। जिलाधिकारी की ओर से भेजे गए पोस्टकार्ड को बीएलओ मतदाताओं के घर–घर जाकर वितरित कर रहे हैं। गढ़वाली भाषा में की गई मतदान की अपील लोगों को खूब भा रही है। स्वीप कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी की ओर से भेजे गए पोस्टकार्ड के माध्यम से युवा, दिव्यांग, वरिष्ठ एवं महिला मतदाताओं से मतदान अवश्य करने की अपील की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को मतदान का अधिकार संविधान द्वारा दिया गया है। मत के प्रयोग से मजबूत सरकार और देश का निर्माण होता है। ऐसे में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार आवश्यक रूप से प्रयोग करना चाहिए। दूसरी ओर स्वीप चमोली के रेडियो पॉडकास्ट चैनल के माध्यम से युवा मतदाताओं से चर्चा परिचर्चा का प्रसारण किया गया। साथ ही जनपद के चमोली, नन्दप्रयाग, कर्णप्रयाग, नागनाथ, पोखरी और मोहनखाल में दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता जागरूकता रथ के माध्यम से जागरुकता अभियान संचालित किया गया। इस मौके पर स्वीप के नोडल अधिकारी अभिनव शाह, जिला समन्वयक कुलदीप गैरोला, सह समन्वयक डा. दर्शन सिंह नेगी, संजीव बुटोला और सुरेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## बैसाखी पर नागराजा ने दिया क्षेत्रवासियों को आशीर्वाद



नई टिहरी। बैसाखी पर्व पर जौनपुर ब्लॉक के नैनबाग क्षेत्र में शेष नागराजा देवता की डोली ने विभिन्न गांवों का भ्रमण कर लोगों को आशीर्वाद दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों और गांव की रैणी–धियाणियों ने डोली के दर्शन कर तांदी नृत्य के साथ गीत गाये। शेष नागराजा देवता की डोली कौड़ी गांव से भ्रमण पर निकली। इसके बाद डोली पंतवाड़ी, बांडासारी, नागटिब्बा, पवेल, घोड़ाखुरी, सात गांव, शीर्ष, पंच गांव तक गई।

जहां जगह–जगह ग्रामीणों ने देव डोली का भव्य स्वागत किया। कौड़ी गांव में आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक तांदी नृत्य किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके आराध्या देवता के आशीर्वाद से आज पूरा क्षेत्र खुशहाल है। परंपरा के अनुसार बैसाखी पर पूजा–अर्चना, हवन और यज्ञ के बाद डोली कौड़ी गांव के मंदिर से बाहर आकर निकटवर्ती क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को आशीर्वाद देती है। इसे खुशहाली का प्रतीक भी माना जाता है। ग्रामीण अपनी सामर्थ्य के अनुसार डोली और इसके साथ चलने वाले लोगों का स्वागत करते हैं। गांव की रैणी–ध्याणियों ने देवा नागराजा हो, श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे सेम नागराजा, दैणा हो या खोली का गणेशा हो, दैणा हो या मोरी का नारैणा हो जैसे गीत गाए और सामूहिक नृत्य किया। इस मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष सुनील बिजल्वाण, देवता के पश्वा सरदार सिंह सजवाण, गंभीर सिंह, आदेश असवाल, कोषाध्यक्ष भरतचंद रमोला, सचिव सुरेंद्र भंडारी आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर बाबा साहेब को किया याद

रुद्रप्रयाग। संविधान निर्माता बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में वक्ताओं ने देश के लिए बाबा साहब के दिए योगदान को याद किया गया। बेलणी स्थित अंबेडकर में आयोजित कार्यक्रम में संगठन के जिलाध्यक्ष बलदेव टम्टा व विशिष्ट अतिथि आरएल टम्टा ने डा. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने अपना पूरा जीवन पिछड़े वर्ग, दलित और गरीब उत्थान के लिए लगया। उन्होंने सामाजिक न्याय व समाजिक असमानता के खिलाफ ही लड़ाई नहीं लड़ी अपितु महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी व मौलिक दायित्वों की बात की। अपनी प्रगतिशील विचारों के चलते वे आज करोड़ों भारतीयों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए है।

## धनपुर के जंगलों में लगी भीषण आग

रुद्रप्रयाग। बीते शनिवार देर शाम से धनपुर के जंगलों में लगी आग के चलते बड़ी मात्रा में वन सम्पदा राख हो गई है।

धनपुर के जंगल धूं–धूं कर जल रहे हैं। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम की कड़ी मशक्कत करने के बाद रविवार सुबह आग पर काबू पाया जा सका।

जनपद के कई जगहों पर जंगलों में आग लगनी शुरू हो गई है। बीते शनिवार शाम करीब सात बजे धनपुर क्षेत्र के ग्वाड़ और बीरों के समीप जंगल में आग की चिंगारी दिखनी शुरू हो गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर पूरे जंगल को अपने आगोश में ले लिया। पूरी रातभर जंगल में भयंकर लपटों के बीच रविवार सुबह तक आग सुजीगीबगड़ तोक के समीप की पहाड़ी तक पहुंच गई। इस घटना में जंगल की 0.25 हेक्टेयर भूमि आग की चपेट में आ गई। सूचना मिलने के बाद पहुंची वन विभाग की टीम ने जंगली के पहाड़ी रास्तों से होकर आग बुझाना शुरू किया।

आग इतनी ज्यादा थी कि रविवार सुबह तक आग पर काबू पाया जा सका। जंगल की आग से जिला मुख्यालय सहित अन्य स्थानों के वातावरण में दिनभर धुआं छाया रहा। रुद्रप्रयाग रेंज के वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही शनिवार देर शाम वह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझानी शुरू की। आग पर काबू पा लिया है।

## भाजपा का घोषणा पत्र नहीं जुमला पत्रः यशपाल आर्य

देहरादून। भाजपा के घोषणा पत्र को कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जुमला पत्र बताया। कहा कि घोषणा पत्र में सिर्फ खोखले शब्दों की हेराफेरी की गई है। बेरोजगारी, महंगाई को किस तरह कम किया जाए, इसका कोई जिक्र नहीं किया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा ने 30 मार्च 2024 में घोषणा पत्र कमेटी बनाई और रविवार को जारी कर दिया। दूसरी ओर कांग्रेस की मेनिफेस्टो कमेटी का गठन दिसंबर 2023 में हुआ। कांग्रेस की कमेटी ने देश के हर वर्ग की आवाज सुन कर ही न्याय पत्र तैयार किया। भाजपा के घोषणा पत्र में सिर्फ दो बार नौकरियों का जिक्रकिया गया है। वो भी तब जब देश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है। कांग्रेस ने 30 लाख सरकारी नौकरियां देने का वादा किया है। भाजपा ने वर्ष 2014 और 2019 में जो घोषणा पत्र में वादे किए थे। वो आज तक पूरे नहीं किए हैं। युवाओं को सालाना दो करोड़ नौकरियां नहीं मिल पाई हैं। किसानों की आय दोगुना नहीं हो पाई। हर खाते में 15 लाख नहीं आए। पिछड़ों, दलितों पर अत्याचार बढ़े। महिला आरक्षण लागू करने पर कुछ नहीं हुआ। 100 नई स्मार्ट सिटी का कहीं कुछ पता नहीं है। गंगा सफाई पर कुछ नहीं हुआ। हर परिवार को छत तक नहीं मिली। 24 घंटे बिजली देने का दावा हवाई साबित हो चुका है। भारत को फाइव ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाने का दावा हवाई साबित हुआ है। 40 करोड़ युवाओं के स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी कुछ नहीं हुआ। पहली बुलेट ट्रेन आज तक नहीं चल पाई। कहा कि दस साल के भाजपा शासन में 700 किसानों की शहादत हुई। किसानों को दिल्ली आने से रोका गया। किसानों के लिए एमएसपी कानून तक बनाने की बात नहीं की गई। जबकि कांग्रेस किसानों को एमएसपी कानून की गारंटी देने जा रही है। भाजपा महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की बात कह रही है, जबकि उन्हीं महिलाओं को आटे दही पर जीएसटी देना पड़ रहा है। कांग्रेस गरीब महिलाओं को सालाना एक लाख रुपए, सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर चुकी है। देश की जनता इस बार इंडिया गठबंधन को विजयी बनाएगा।

### तीन सगे भाइयों सहित छह के खिलाफ तोड़–फोड़ का मुकदमा दर्ज

विकासनगर(आरएनएस)। सहसपुर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के तीन सगे भाइयों समेत छह लोगों पर उसकी भूमि पर लगे पिल्लर तोड़ने और विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तोड़फोड, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। तिपरपुर–सभावाला निवासी रुचिता पत्नी कुलदीप तोमर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपी रमेश, हुकुम सिंह, बसंत पुत्रगण अशोक, त्रिलोक, तोताराम और बिशंभर पाल निवासीगण शेरपुर ने उसकी भूमि पर लगे पिल्लरों को तोड़ डाला। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है।

### तीर्थनगरी में तापमान के साथ बढ़ा राफ्टिंग का रोमांच

ऋषिकेश। गर्मी में तापमान बढ़ते ही राफ्टिंग के शौकीनों की भीड़ ऋषिकेश में उमड़नी शुरू हो गई है। कौड़ियाला से लेकर मुनिकीरेती तक गंगा में सुबह से शाम तक रंग–बिरंगी राफ्टें तैरती रहीं। रोजाना करीब तीन हजार पर्यटक राफ्टिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। कौड़ियाला–मुनिकीरेती राफ्टिंग जोन में लगभग 35 किलोमीटर गंगा में राफ्टिंग ट्रैक है। जिसमें कौड़ियाला, मरीन ड्राइव, शिवपुरी, क्लब हाउस और ब्रह्मपुरी राफ्टिंग प्वाइंट शामिल हैं। गंगा की लहरों पर रोमांच का लुत्फ उठाने के लिए पर्यटक मनमाफिक स्थानों से राफ्टिंग कर रहे हैं। ट्रैक पर पड़ने वाले 12 रैपिड पर राफ्टिंग के दौरान पर्यटकों का उत्साह देखते ही बन रहा है। राफ्टिंग कारोबारी वैभव थपलियाल के मुताबिक कौड़ियाला से नीम बीच तक डेनियल डीप, द ग्रेट वॉल डीजेड, नीम बीच फिनपी, डीबीएम वन, टू और थ्री, डबल ट्रिपल, कोर्स फायर, गुड मॉर्निंग, रिटर्न टू सेंडर, रोलर कोस्टर, गोल्फ कोर्स और केस फ्लो समेत कई रैपिड हैं। बटर फ्लाई, ब्लैक मनी, बॉडी सर्फिंग के साथ टी ऑफ क्लिप जंप भी हैं। बताया कि पर्यटकों की आमद से इस सीजन में अच्छे कारोबार की संभावना है। सहासिक पर्यटन अधिकारी कुशाल सिंह नेगी ने बताया कि रविवार को 2950 पर्यटकों ने राफ्टिंग का लुत्फ उठाया।

## अग्निशमन सप्ताह की शुरुआत कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



नई टिहरी। नरेंद्रनगर और नई टिहरी में अग्निशमन विभाग के अधिकारियों–कर्मचारियों ने अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत करते हुए 14 अप्रैल, 1944 को शहीद हुए 66 अग्निशमन कार्मिकों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। अग्निशमन सेवा सप्ताह की शुरूआत करते हुए अग्निशमन अधिकारियों ने कार्मिकों को अवगत कराया कि बीते 14 अप्रैल, 1944 को मुम्बई के डाकयार्ड बंदरगाह में विस्फोटक पदार्थों से भरे जहाज में भीषण अग्निकांड की घटना गठित हुई थी। जिसमें अग्निशमन विभाग के 66 कार्मिक अग्निशमन कार्य करते हुए शहीद हो गए थे। शहीद हुए अग्निशमन कार्मिकों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रतिवर्ष 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जाता है।

## डीएम ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



उत्तरकाशी। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने रविवार को जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों के निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सभी व्यवस्थाएं चॉक चौबंद करने के निर्देश दिए। रविवार को डीएम डा. मेहरबान सिंह बिष्ट गाजणा और धनारी क्षेत्र के भ्रमण पर रहे। उन्होंने गंगोत्री विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के टिहरी जिले की सीमा से सटे धौंतरी और मट्टी गांव के बूथ का निरीक्षण किया और मतदान को लेकर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद रखने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने अंतर्जनपदीय सीमा पर स्थापित एसएसटी नाकों व एसएसटी की गतिविधियों की भी जानकारी ली और अवैध वस्तुओं, मादक पदार्थों, तय सीमा से अधिक की नकदी और संदिग्ध वस्तुओं के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए निरन्तर सतर्क व सक्रिय रह कर काम करने की भी हिदायत दी है।

### बावड़ी मेले के दूसरे दिन मिट्टी के बर्तन खरीदने उमड़े लोग

विकासनगर। बैसाखी पर्व पर गंगभेवा बावड़ी मेला शुरू होते ही लोग रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ते दामों पर खरीदने के लिए उमड़ने लगे हैं। मेले के दूसरे दिन मिट्टी के बर्तन और घरेलू सजावट का सामान खरीदने पर जोर रहा।

काश्तकारों ने जहां खेती में प्रयोग होने वाले औजारों की खरीदारी की। वहीं महिलाओं ने चाट–पकोड़ी का आनंद लेने के साथ ही सजने संवरने का सामान खरीदा। बच्चों ने झूलों का लुत्फ उठाया। गंगभेवा बावड़ी में बैसाखी पर्व पर मेले की शुरुआत कई दशक पूर्व हुई थी। माना जाता है कि मेले का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को जरूरत का सामान उपलब्ध करवाना था।

## मुनिकीरेती में वीकेंड पर जाम ने की फजीहत

ऋषिकेश। मुनिकीरेती–तपोवन के बीच पर्यटकों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। सैर–सपाटे की बजाय पर्यटकों को सड़कों पर भी घंटों गुजारने को मजबूर होना पड़ रहा है। इससे पुलिस की ट्रैफिक प्लान के साथ राहत के दावे करने इंतजामों की पोल भी खुल रही है। रविवार को मुनिकीरेती से तपोवन तक के दो किलोमीटर के पेच को पार करने में वाहन सवारों को एक घंटे से भी ज्यादा वक्त लगा। पर्यटकों की बढ़ती आमद के बीच पुलिस के ट्रैफिक को सुचारू रखने के तमाम इंतजाम धरे के धरे रह गए। जाम में पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों को भी खूब फजीहत झेलनी पड़ी। यातायात को सुचारू करने के लिए सड़कों पर पर्याप्त पुलिसकर्मी नजर नहीं आए, जिससे लोगों की मुश्किलें और ज्यादा बढ़ी। मालूम हो कि पुलिस ने वीकेंड पर ट्रैफिक को नियंत्रित रखने के लिए वन–वे समेत कई तरह की व्यवस्था करने की बात कही थी, लेकिन यह इंतजाम धरातल पर नहीं दिख रहे हैं। लापरवाही से हररोज पर्यटकों की दुश्वारियां बढ़ रही हैं। एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि यातायात में अवरोध पैदा करने वाले वाहनों के चालान किए जा रहे हैं।

## डीएम सोनिका ने लिया मतदान पार्टियों की रवानगी हेतु की जा रही समुचित तैयारियों का जायजा





देहरादून। लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 निष्पक्ष एवं निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु जनपद में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका के निर्देशन समुचित व्यवस्थाएं एवं तैयारी गतिमान है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समय–2 पर स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन व्यवस्थाओं एवं तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने आज महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज पंहुचकर मतदान पार्टियों की रवानगी हेतु की जा रही समुचित तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्षा से निर्वाचन सामग्री से बचाव के दृष्टिगत तैयारी की जाए। इस दौरान उन्होंने महाराणा प्रताप स्पोर्टस कालेज में विधासभावार बनाये गए स्ट्रांगरूम/कक्ष का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाएं परखी। साथ ही राजनैतिक दलों की प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रिजर्व ईवीएम कमिशनिंग कार्यों का जायजा लिया।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मसूरी दीपक सैनी, उप जिलाधिकारी सदर हरगिरी गौस्वामी, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, उप जिलाधिकारी चकराता योगेश मेहर, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी सहित सम्बन्धित अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

जयन्त

संस्थापक
नरेन्द्र उनियाल

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक और
सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
द्वारा जयन्त प्रकाशन डिग्री कॉलेज रोड़, जौनपुर कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा जयन्त कार्यालय चन्द्रसिंह गढ़वाली मार्ग, गैरसैंण, जनपद चमोली उत्तराखण्ड से प्रकाशित
RNI No.UTTHIN/2005/16338